# तीसरी भांषा में सांकेतिक भाषा को भी सीखे समाज : संजय सिंह

जासं • लखनऊ: सांकेतिक भाषा को न सिर्फ बधिर व्यक्तियों बल्कि समूचे समाज के लिए एक सेतु की तरह देखा जाना चाहिए। आज वैश्विक स्तर पर सांकेतिक भाषा को एक मान्यता प्राप्त भाषा के रूप में स्वीकार करना होगा। अंतरराष्ट्रीय बधिर सप्ताह के शुभारंभ पर डा. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में तीसरी भाषा के रूप में सांकेतिक भाषा को सीखने पर जोर दिया। बधिर समुदाय के अधिकारों, समस्याओं, उनकी उपलब्धियों के विषय में जागरुकता के लिए 29 सितंबर तक सांस्कृतिक कार्यक्रम और चर्चा सत्र आयोजित किए जाएंगे।



कुलपति संजय कुमार सिंह छात्रों के साथ सांकेतिक भाषा के शब्द सीखते हुए • जागरण

मुख्य अतिथि पैरालिंपिक रोहित भाकर ने अपने जीवन के संघर्षों और चुनौतियों पर सांकेतिक भाषा में एक प्रेरणादायक व्याख्यान दिया। इसमें उन्होंने बधिर समुदाय को प्रेरित करने के साथ-साथ आम समाज में जागरुकता लाने की अपील की। अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो. संजय कुमार सिंह ने भी विश्व के विभिन्न समाज समुदाय को अपनी तीसरी भाषा के रूप में सांकेतिक भाषा को चुनने की सलाह दी। कार्यक्रम में सांकेतिक भाषा और बधिर समुदाय से जुड़े विभिन्न सांस्कृतिक और शैक्षिक कार्यक्रम हुए। इसमें नृत्य और नाटक से बधिर समुदाय के सांस्कृतिक धरोहर को सामने रखा गया। साथ ही सांकेतिक भाषा की महत्ता को भी बताया गया। समारोह में बधिर और श्रवण छात्रों के बीच एक संवादात्मक सत्र भी आयोजित किया गया, जिसमें छात्रों ने अपने अनुभव साझा किए और सांकेतिक भाषा के माध्यम से एक-दूसरे से जुड़े। इस सत्र में छात्रों ने बताया कि किस तरह से सांकेतिक भाषा सामाजिक विभाजन को पाट सकती है। कुलसचिव रोहित सिंह ने छात्रों से आग्रह किया कि वे सांकेतिक भाषा को सीखें और इसे समाज में एक सामान्य भाषा के रूप में अपनाने में अपना योगदान दें। समारोह में बधिर छात्रों की कला और प्रतिभाओं को प्रदर्शित करने के लिए विशेष प्रदर्शनी भी लगाई गई है।




केडी सिंह बाबू स्टेडियम के पास से जागरुकता रैली निकालते उप्र बधिर फेडरेशन के सदस्यों के साथ विधान परिषद सदस्य पवन सिंह चौहान व अन्य • जागरण

**जागरुकता के लिए निकाली रैली:** अंतरराष्ट्रीय सांकेतिक भाषा दिवस पर उत्तर प्रदेश बधिर फेडरेशन के सदस्यों ने जागरुकता रैली निकाली। सोमवार को केडी सिंह बाबू स्टेडियम के पास से निकली रैली के माध्यम से उन्होंने सांकेतिक भाषा को शासकीय स्तर पर मनाए जाने की मांग भी की। रैली के साथ विधान परिषद सदस्य पवन सिंह चौहान और अन्य शामिल हुए। फेडरेशन के अध्यक्ष मो. फारूख ने रैली के माध्यम से बताया कि मध्य प्रदेश, दिल्ली, हिमाचल प्रदेश आदि राज्यों में अंतरराष्ट्रीय सांकेतिक भाषा दिवस को शासकीय स्तर पर मनाया जाने लगा है।



# पुनर्वास विवि में सात दिवसीय अंतरराष्ट्रीय बधिर सप्ताह शुरू

लखनऊ। डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में सात दिवसीय विश्व बधिर सप्ताह का आयोजन हुआ। इसका शुभारंभ कुलपति आचार्य संजय कुमार सिंह ने किया। मुख्य अतिथि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त बधिर समाज सेवी रोहित भांखर रहे। उन्होंने कहा कि सांकेतिक भाषा एक महत्वपूर्ण उपकरण है। कार्यक्रम के दौरान सांकेतिक भाषा और बधिर समुदाय से जुड़े विभिन्न सांस्कृतिक और शैक्षिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ।

# सांकेतिक भाषा महत्वपूर्ण उपकरण : रोहित भाखर



**तृतीय भाषा के रूप में सांकेतिक भाषा को चुने : आचार्य संजय सिंह**

**शकुन्तला मिश्रा पुनर्वास विवि में बधिर सप्ताह शुरू, हुए विभिन्न आयोजन**

**लखनऊ (एसएनबी)।** अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर खयाति प्राप्त बधिर समाजसेवी रोहित भाखर ने अपने जीवन के संघर्षो और चुनौतियों पर सांकेतिक भाषा में एक प्रेरणादायक व्याख्यान प्रस्तुत करते हुए कहा कि पुनर्वास विवि विश्व पटल पर अंकित एक अनूठा और विशेष विवि है।

सांकेतिक भाषा एक महत्वपूर्ण उपकरण है जो बधिर व्यक्तियों को समाज में आत्मनिर्भरता, शिक्षा और समावेशन की दिशा में एक नयी रोशनी प्रदान करता है। सांकेतिक भाषा न केवल बधिर व्यक्तियों के लिए बल्कि समूचे समाज के लिए एक सेतु की तरह देखा जाना चाहिए। समासेवी रोहित बाखर यह बाते सोमवार को डा. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय विवि में बधिर सप्ताह कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए कही। डा. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विवि में सोमवार से लेकर 29 सितम्बर तक आयोजित बधिर सप्ताह की शुरूआत मुख्य अतिथि ने किया। इस मौके पर विवि के कुलपति विवि के कुलपति आचार्य संजय सिंह ने कहा कि बधिर बच्चो की पठन पाठन प्रक्रिया में कई चुनौतियां आती है जिन्हें दूर करने के लिए संस्थागत और सामुदायिक स्तर पर प्रयास किया जाने चाहिए। विश्व के विभिन्न समाजो, समुदायों को चाहिए कि वे अपनी तृतीय भाषा के रूप में सांकेतिक भाषा को चुने।

कार्यक्रम के दौरान सांकेतिक भाषा और बधिर समुदाय से जुड़े विभिन्न सांस्कृतिक और शैक्षिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया। समारोह मे बधिर और श्रवण छात्रों के बीच एक सांवदात्मक सत्र आयोजित किया गया जिसमें छात्रों ने अपने अनुभव साझा किया। कार्यक्रम में कुलसचिव रोहित सिंह, विवि के विशेष शिक्षा संकाय के अधिष्ठाता डा. कौशल शर्मा, समेत सभी शिक्षक, छात्र-छात्राएं और बधिर समाज के प्रतिनिधि मौजूद थे।

# बीएड विशेष शिक्षा की मेरिट जारी, काउंसिलिंग 26 को

**LUCKNOW (23 Sept) :** डा. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय ने सोमवार को बी.एड विशेष शिक्षा (वीआइ, एचआइ, आइडी) पाठ्यक्रम में दाखिले के लिए मेरिट सूची जारी कर दी. अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट https://dsmnru.ac.in/ के माध्यम से इसे देख सकते हैं. चयनित अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग 26 सितंबर को सुबह 10 से 12 बजे तक ए-2 ब्लाक के कमरा नंबर 127 में होगी. दिव्यांग अभ्यर्थियों की फीस 5305 रुपये और गैर दिव्यांग अभ्यर्थियों की फीस 30,805 रुपये होगी. काउंसिलिंग के समय अपने सभी अभिलेख लेकर आने हैं. वहीं, एम.एड विशेष शिक्षा में छठी काउंसिलिंग 26 सितंबर को आयोजित की जाएगी.

जानकारी के लिए प्रवेश समन्वयक प्रो. एहतेशाम अहमद से संपर्क कर सकते हैं। (संवाद)

# आज और कल होगी एमएसडब्ल्यू में काउंसिलिंग

- **लखनऊ।** शकुंतला मिश्रा पुनर्वास विवि के समाजकार्य पाठ्यक्रम की प्रवेश समिति प्रभारी डॉ. अर्चना सिंह ने बताया कि एमएसडब्ल्यू की दूसरी मेरिट सूची में शामिल अभ्यर्थियों के लिए बुधवार और बृहस्पतिवार को काउंसिलिंग कराई जाएगी। इसके लिए अभ्यर्थियों को सभी मूल दस्तावेजों के साथ सुबह 10 से दोपहर दो बजे के बीच एकेडमिक ब्लॉक ए-टू के द्वितीय तल पर कक्ष संख्या 328 में उपस्थित होना होगा। डॉ. अर्चना सिंह का कहना है कि सामान्य विद्यार्थियों के लिए 8405 रुपये और दिव्यांगों के लिए 4105 रुपये शुल्क तय किया गया है।
- **बीएड की दूसरी मेरिट सूची जारी :** पुनर्वास विवि की प्रवेश प्रभारी डॉ. आद्या शक्ति राय के मुताबिक, बीएड विशेष शिक्षा की दूसरी मेरिट सूची जारी कर दी गई है। 26 सितंबर को काउंसिलिंग होनी है। सामान्य विद्यार्थियों के लिए 30,805 रुपये और दिव्यांगों के लिए 5,305 रुपये शुल्क रखा गया है। काउंसिलिंग के लिए अभ्यर्थियों को सभी मूल दस्तावेजों के साथ सुबह 10 से 12 बजे के बीच एकेडमिक ब्लॉक ए-टू के कक्ष संख्या 127 में उपस्थित होना होगा। (संवाद)

# बीएएसएलपी प्रवेश परीक्षा परिणाम घोषित

जासं • लखनऊ : डा. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय ने मंगलवार को बैचलर आफ आर्थोटिक्स एंड प्रोस्थेटिक्स (बीएएसएलपी) पाठ्यक्रम में दाखिले के लिए हुई प्रवेश परीक्षा के परिणाम जारी कर दिए। अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर इसे देख सकते हैं।

प्रवेश निदेशक प्रोफेसर नागेंद्र यादव ने बताया कि बी.ए.एस.एल.पी पाठ्यक्रम की प्रवेश परीक्षा छह सितंबर को हुई थी। अब प्रवेश परीक्षा परिणाम में अभ्यर्थियों के अंक जारी कर दिए गए हैं। अक्टूबर की शुरुआत में मेरिट सूची वेबसाइट पर जारी कर प्रवेश के लिए काउंसिलिंग होगी। इसकी समय सारिणी भी जल्द जारी होगी।

**एमए हिंदी की मेरिट जारी :** विश्वविद्यालय ने एम.ए हिंदी पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए पहली मेरिट सूची मंगलवार को जारी कर दी। विभागाध्यक्ष प्रोफेसर यशवंत वीरोदय ने बताया कि प्रवेश प्रक्रिया के लिए काउंसिलिंग 26 और 27 सितंबर को होगी। अभ्यर्थियों को सुबह 10 बजे एकेडमिक ब्लाक ए-2 तीसरे तल पर कमरा नंबर 441 में सभी शैक्षिक मूल अभिलेखों के साथ छाया प्रति और आनलाइन आवेदन की प्रति लेकर पहुंचना होगा। दिव्यांग अभ्यर्थी 3605 रुपये और गैर दिव्यांगों के लिए 5405 रुपये प्रथम सेमेस्टर में फीस जमा होगी। प्रवेश के लिए 40 सीटें हैं।

एक नजर में

## काउंसिलिंग आज से

**लखनऊ** : डा. शकुंतला विश्वविद्यालय के एम.एस.डब्ल्यू पाठ्यक्रम में खाली सीटों के सापेक्ष दूसरी मेरिट सूची जारी की गई है। इसकी काउंसिलिंग 25 और 26 सितंबर को सुबह 11 से दोपहर दो बजे तक होगी। चयनित अभ्यर्थियों की रिर्पोटिंग का समय सुबह 10 से 11 बजे तक है। (जासं)

हिन्दुस्तान www.livehindustan.com

# एमए हिन्दी की मेरिट सूची जारी, काउंसलिंग 26 से


## पुनर्वास विश्वविद्यालय में सुबह 10 बजे से शुरू होगी प्रक्रिया

**दाखिले की दौड़**

लखनऊ, संवाददाता। डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में शैक्षिक सत्र 2024-25 के तहत एमए हिन्दी पाठ्यक्रम की मेरिट सूची जारी कर दी गई है। अभ्यर्थी मेरिट सूची विवि की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर देख सकते हैं।

हिन्दी एवं अन्य भारतीय भाषा विभाग के अध्यक्ष प्रो. यशवंत वीरोदय ने बताया कि पहली योग्यता सूची जारी कर दी गई है। 26 और 27 सितंबर को काउंसलिंग का आयोजन किया जाएगा। काउंसिलिंग के लिए अभ्यर्थियों को सभी मूल दस्तावेजों के साथ सुबह 10 से दोपहर तीन बजे के बीच एकेडमिक ब्लॉक ए-टू के तृतीय तल पर स्थित कक्ष संख्या 441 में उपस्थित होना होगा।

**एमएसडब्ल्यू में दाखिले के लिए काउंसलिंग आज से :** समाज कार्य पाठ्यक्रम की प्रवेश समिति प्रभारी डॉ. अर्चना सिंह ने बताया कि एमएसडब्ल्यू पाठ्यक्रम की दूसरी मेरिट सूची में शामिल अभ्यर्थियों के लिए बुधवार और गुरुवार को काउंसलिंग आयोजित की जाएगी। काउंसलिंग के लिए अभ्यर्थियों को सभी मूल दस्तावेज के साथ सुबह 10 से दोपहर दो बजे के बीच एकेडमिक ब्लॉक ए-टू के द्वितीय तल पर कक्ष संख्या 328 में उपस्थित होना होगा। डॉ. अर्चना सिंह का कहना है किसभी मूल दस्तावेजों को साथ लेकर आना अनिवार्य है। सामान्य विद्यार्थियों के लिए 8405 रुपये और दिव्यांगों के लिए 4105 रुपये शुल्क तय किया गया है।



**02** दिन होगी एमएसडब्ल्यू में दाखिले के लिए छात्रों की काउंसलिंग

**26** सितंबर को बीएड विशेष शिक्षा की काउंसलिंग होगी, तैयारी पूरी

- अभ्यर्थी मेरिट सूची विवि की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर देख सकते हैं
- एमएसडब्ल्यू के लिए 8405 रुपये और दिव्यांगों के लिए 4105 रुपये शुल्क

### बीएड की दूसरी मेरिट सूची जारी की गई

प्रवेश इंचार्ज डॉ. आद्या शक्ति राय के मुताबिक बीएड विशेष शिक्षा की दूसरी मेरिट सूची भी जारी कर दी गई है। 26 सितंबर को काउंसिलिंग होनी है। सामान्य विद्यार्थियों के लिए 30,805 रुपये और दिव्यांगों के लिए 5305 रुपये शुल्क रखा गया है। काउंसिलिंग के लिए अभ्यर्थियों को सभी मूल दस्तावेज के साथ सुबह 10 से 12 बजे के बीच एकेडमिक ब्लॉक ए-टू के कक्ष संख्या 127 में उपस्थित होना होगा।

# बधिर सप्ताह दिवस आज से

**LUCKNOW (22 SEP):** डा. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में 23 से 29 सितंबर तक विश्व बधिर सप्ताह का आयोजन किया जाएगा. कार्यक्रम का शुभारंभ सोमवार को कुलपति आचार्य डा. संजय कुमार सिंह करेंगे. मुख्य अतिथि के रूप में अंतरराष्ट्रीय स्तर के पैरालिंपिक एथलीट स्वर्ण पदक विजेता और समाजसेवी रोहित भाकर (बधिर) होंगे, जिन्होंने बधिर समुदाय के लिए प्रेरणा का कार्य किया है. पूरे सप्ताह के दौरान जागरुकता सत्र, सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ-साथ बधिर छात्रों की कला और प्रतिभाओं को प्रदर्शित करने के लिए विशेष प्रदर्शनी का भी आयोजन होगा.

## न्यूज डायरी

# पुनर्वास विवि : विश्व बधिर सप्ताह आज से

लखनऊ। शकुंतला मिश्रा पुनर्वास विवि में सोमवार को विश्व बधिर सप्ताह का शुभारंभ कुलपति संजय कुमार सिंह करेंगे। मीडिया प्रभारी डॉ. यशवंत वीरोदय ने बताया कि मुख्य अतिथि, पैरालिंपिक एथलीट स्वर्ण पदक विजेता रोहित भाकर होंगे। 29 सितंबर तक चलने वाले कार्यक्रम में जागरूकता सत्र, सांस्कृतिक कार्यक्रम व चर्चा सत्र होंगे। बधिर छात्रों की कला और प्रतिभाओं को प्रदर्शित करने के लिए प्रदर्शनी भी लगेगी। (संवाद)

# कुलपति प्रो. संजय सिंह बने स्थापना समिति के सदस्य

जासं ● लखनऊ : राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीइआरटी) के अध्यक्ष एवं केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने डा. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य संजय सिंह को एनसीइआरटी की स्थापना (एस्टेब्लिशमेंट) समिति का सदस्य नामित किया है। बतौर सदस्य उनका कार्यकाल तीन वर्ष का होगा। इस समिति का कार्य नियुक्ति, ट्रांसफर, पदोन्नति एवं डेपोटेशन के विषय में एग्जीक्यूटिव कमेटी को सुझाव देना है। सामान्य तौर पर स्थापना समिति की बैठक साल में चार बार होती है। यह जानकारी प्रवक्ता प्रो. यशवंत वीरोदय ने दी।



कुलपति संजय सिंह ● विश्वविद्यालय

# विद्यार्थियों में होगी सेरिब्रल दृष्टि दिव्यांगता की जांच

जासं • लखनऊ : 'वर्तमान समय में सेरिब्रल दृश्य दिव्यांगता (विजुअल इंपेयरमेंट) दृष्टि बाध्यता का एक प्रमुख कारण है। इसमें मस्तिष्क का एक भाग प्रभावित होने के कारण व्यक्ति को देखने में समस्या होती है। उसकी आंखें सामान्य होती हैं, लेकिन मस्तिष्क आंखों द्वारा देखे गए चित्र को समझ पाने में असमर्थ रहता है। जल्द ही विश्वविद्यालय किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) के साथ एमओयू करके अपने यहां दिव्यांगों में इस बीमारी से प्रभावित विद्यार्थियों को चिह्नित कर उनके पुनर्वास के लिए प्रयास करेगा। यह जानकारी डा. शकुंतला मिश्रा विश्वविद्यालय के दृष्टि बाधितार्थ विभाग के प्रमुख डा. विजय शंकर शर्मा ने बुधवार को सेरिब्रल दृष्टि दिव्यांगता जागरूकता दिवस पर दी।

मुख्य अतिथि अधिष्ठाता शैक्षणिक प्रो. वीके सिंह ने कहा कि मस्तिष्क में समस्याएं होने के कारण इन बच्चों को देखने में समस्याएं होती हैं। उन्होंने

- शकुंतला विश्वविद्यालय केजीएमयू के साथ जल्द करेगा एमओयू



उनकी समस्याओं के बारे में अपने अनुभव साझा किए। डा. आद्या शक्ति राय ने कार्टिकल विजुअल इम्पेयरमेंट के विषय में बताया कि यह मस्तिष्क के उन हिस्सों को प्रभावित करता है जो दृष्टि को संसाधित करते हैं, जिसके परिणामस्वरूप दृष्टि में बाधा आती है, जबकि आंखें सामान्य कार्य कर रही होती हैं। कार्टिकल विज़ुअल इम्पेयरमेंट के विभिन्न कारण जैसे जन्मजात मस्तिष्क संबंधी समस्याएं, आक्सीजन की कमी, या सिर की चोट लगना हो सकते हैं। कार्यक्रम में अधिष्ठाता विशेष शिक्षा डा. कौशल शर्मा व अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

## एमए समाजशास्त्र की मेरिट जारी

जासं • लखनऊ : डा. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के परास्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिले जारी हैं। विश्वविद्यालय ने एम.ए समाजशास्त्र पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए मेरिट सूची जारी कर दी है।

चयनित अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग 26 से 28 सितंबर तक होगी। अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट https://dsmnru.ac.in/ पर सूची में अपना नाम देख सकते हैं।

30 सितंबर तक होंगे दाखिले : विश्वविद्यालय में परास्नातक कोर्सों की प्रवेश प्रक्रिया की अंतिम तिथि निर्धारित कर दी गई है। प्रवक्ता प्रो. यशवंत वीरोदय ने बताया कि कुलपति के निर्देशानुसार 30 सितंबर तक प्रवेश प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी, जिससे समय से सभी कक्षाएं सुचारू रूप से संचालित हो सकें।

## बीकाम एलएलबी आनर्स की मेरिट जारी

जासं • लखनऊ : डा. शकुंतला मिश्रा विश्वविद्यालय ने पांच वर्षीय बी.ए. एल.एल.बी आनर्स में प्रवेश के लिए सीयूईटी के माध्यम से आवेदन करने वालों की मेरिट सूची बुधवार को जारी कर दी। चयनित अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग 27 सितंबर को सुबह 11 से दोपहर तीन बजे तक होगी। वहीं, विश्वविद्यालय ने एम.ए अर्थशास्त्र विषय में प्रवेश के लिए मेरिट सूची में चयनित अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग की तिथि 26 से 30 सितंबर तक बढ़ा दी है। विश्वविद्यालय के इतिहास एवं पुरातत्व विभाग में पीजी कोर्स में प्रवेश के लिए आवेदन करने वाले सभी अभ्यर्थियों को आवेदन फार्म की प्रति और स्नातक अंकों की प्रति 27 सितंबर का दोपहर दो बजे तक अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराना होगा।